**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3510**
**दिनांक 17 दिसम्बर, 2024/ 26 अग्रहायण,1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**मुक्ति दिवस**

**3510. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि संघ राज्यक्षेत्र दमन और दीव के निवासी और स्थानीय प्रशासन प्रतिवर्ष 19 दिसम्बर को 'मुक्ति दिवस' के रूप में मनाते हैं और स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के सम्मान और कई अन्य कार्यक्रमों सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे हैं;**
**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
**(ग) क्या सरकार उक्त समारोह के लिए कोई अनुदान दिया करती थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
**(घ) क्या वर्तमान में इसे सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का प्रावधान है; और**
**(ङ) क्या सरकार का पूर्व की भांति मुक्ति दिवस मनाने का विचार है और यदि हां, तो इसे कब तक मनाए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ङ) संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 19 दिसंबर को हर वर्ष "लिबरेशन डे - मुक्ति दिवस" के रूप में मनाया जाता है। इस प्रयोजन के लिए कोई विशिष्ट अनुदान/निधि आवंटित नहीं की जाती हैं और वर्त्तमान में मुक्ति दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******